प्रतिवेदन (2024-2025)

हिन्दुपत पब्लिक स्कूल की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी। यह विद्यालय श्रीमती आशा सिंह जी का एक सपना था। स्थापना के बाद से विद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है और पिछले 15 वर्षों से शिक्षा, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहा है।

हिन्दुपत पब्लिक स्कूल, राघौगढ़ के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सी.बी.एस.ई. दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में अद्वितीय प्रदर्शन कर विद्यालय की कीर्ति को अत्यंत गौरवान्वित किया है।

जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कक्षा 10वीं की छात्रा प्रस्तुति जैन ने 99.4% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया।

इसी के साथ अदिति जैन 95.8%, सार्थक साहू 94.6% , रोहित बघेल 94%, आशीन सिंह पुंगाल 93.2%, अनुराग धाकड़ 92.8%,आसिफ खान पठान 91.6%, शिवम यादव 91.6%,आरती चौरसिया 91%, उपलक्ष्य राय 89.6%, राधिका धाकड़ 89.6%, ऋतिक वास्त्री 89.4%, सलोनी चौकसे ने 89% अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसी श्रृंखला में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा वाणिज्य संकाय में एंजिल जैन 94.4%, हंशिता चौहान 93.2%, आदित्य शर्मा 89.2%, तस्मिया अमीन 88.8 एवं विज्ञान संकाय में खुशी सैनी ने 92.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है।

हमारे विद्यालय की छात्रा तनिष्का धाकड़ (कक्षा 4) ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड (IHO) के ज़ोनल स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, उन्हें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) के द्वितीय स्तर के लिए भी चयनित किया गया।

इसी प्रकार, कक्षा 3 की छात्रा भूमिका धाकड़ को भी अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) के द्वितीय स्तर के लिए चयनित किया गया।

इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने जोश और ऊर्जा के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया, जिनमें 50 व 100 मीटर दौड़, फुटबॉल, लॉन्ग जंप, हाई जंप, खो-खो, जेवलिन थ्रो, शॉटपुट, रस्सा-कशी, बैटमिंटन तथा क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। छोटे बच्चों के लिए जलेबी रेस विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इनडोर खेल प्रतियोगिताओं में शतरंज एवं टेबल टेनिस कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए सम्पन्न कराया गया।

विद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और भाषण-कौशल को बढ़ावा देने हेतु राखी एवं रंगोली निर्माण, देशभक्ति गीत, कहानी वाचन, कविता वाचन (कक्षा 1 से 5 तक), तात्कालिक भाषण (कक्षा 8 से 10 तक), वाद-विवाद (कक्षा 6 से 11 तक), इंग्लिश डिक्लेमेशन तथा फैंसी ड्रेस (कक्षा 1 से 3 तक) आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

इस प्रकार विद्यालय द्वारा पुरस्कृत विद्यार्थियों को गत वर्ष में लगभग 420 प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

हिन्दुपत पब्लिक स्कूल में इस वर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण उत्साह, उमंग और प्रतिस्पर्धा की भावना से सराबोर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंध समिति द्वारा की गई।

वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा और परिश्रम झलकता रहा।

विशेष रूप से कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सुधीर नंदा (Chief Plant Manager, IOCL, Guna) एवं विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती सृजाम्या सिंह जी पधारे। उनके सान्निध्य से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस सम्मान ने विद्यालय परिवार में गौरव एवं उत्साह की लहर दौड़ा दी।

हिन्दुपत पब्लिक स्कूल, राघौगढ़ के सभी विद्यार्थियों ने अपने श्रम, लगन, आत्मविश्वास एवं उत्कृष्ट प्रतिभा के माध्यम से न केवल विद्यालय का नाम उज्ज्वल किया है, अपितु शिक्षा जगत में भी एक प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित हुए हैं। इस प्रकार के समर्पण और उपलब्धियों से प्रेरित होकर हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी निरंतर सफलता की ऊँचाइयाँ छूते रहेंगे।